Date:
Page: 08

दिनांक 16.03.2026

विषय: अभिभावक शिक्षक संघ का परिचय एवं आगामी सत्र हेतु शुल्क-विवरण की जानकारी ।

आज विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। वर्ष 2026 में आहूत यह प्रथम बैठक है। संघ के संरक्षक श्री सी०पी० भट्ट जी की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम इस बैठक में नव-नियुक्त कार्यकारिणी सभा का परिचय कराया गया, तत्पश्चात आगामी सत्र हेतु विचार-विमर्श किया गया। संघ की कोषाध्यक्ष श्रीमती लता खोलिया जी ने आगामी सत्र के लिए शुल्क प्रावधानों का विवरण दिया। अभिभावकों को शुल्क बढोत्तरी की जानकारी देने के साथ ही साथ आगामी सत्र के लिए शिक्षणोत्तर क्रिया-कलापों की जानकारी भी दी गई।

जैसा कि विदित है कि विद्यालय इस वर्ष अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इस अवसर पर होने वाले 'गोल्डन जुबली' समारोह की भव्यता के लिए भी अभिभावकों से विचार माँगे गये। इस कोरम में उपस्थिति शत-प्रतिशत रही।

अँत में संघ की मानद सचिव प्रधानाचार्या श्रीमती मनदीप कौर जी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया एवं सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

सभा में उपस्थित सम्पूर्ण कार्यकारिणी का विवरण - दिनांक 16.03.2026

| | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सी०पी० भट्ट | प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज नारायण नगर हल्द्वानी (संरक्षक) | |
| 2. | श्री नन्दन सिंह रौतेला | अभिभावक (अध्यक्ष) पाल्य - कक्षा 9th | Nandan Singh |
| 3. | श्रीमती चन्द्रा बिष्ट | अभिभावक - उपाध्यक्ष पाल्या - कक्षा 8th | Ch |
| 4. | श्रीमती लता खोलिया | अकादमिक निदेशिका (कोषाध्यक्ष) वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी (नैनीताल) | [signature] |

Date:
Page: 09

| नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 5. श्रीमती मंदीप कौर | प्रधानाचार्या (सचिव) वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी | [signature] |
| 6. श्री कैलाशचन्द्र पाण्डेय | अभिभावक (संयुक्त सचिव) पाल्या - कक्षा - 10 | कैलाश चन्द्र पाण्डे [signature] |
| 7. श्रीमती भावना धौनी | परामर्शदाता (यौन उत्पीड़न समीति) | Bhawna |
| 8. श्री गौरव खोलिया | अभिभावक (सदस्य) (पाल्य - एल.के.जी.) | Gaurav |
| 9. श्रीमती दीपा पंत | अभिभावक (सदस्य) पाल्य - कक्षा - 8 | Deepa Pant |
| 10. श्रीमती रुवटी मेर | अभिभावक (सदस्य) पाल्य - कक्षा 9th | [signature] |
| 11. श्रीमती चन्द्रा देवपा | अभिभावक (सदस्य) कक्षा - 7th | चन्द्रा |
| 12. श्रीमती गीता भराड़ा | अभिभावक (सदस्य) पाल्या - कक्षा 6 | [signature] |
| 13. श्रीमती ललिता | अभिभावक (सदस्य) पाल्य - कक्षा - 8 | Lalita |
| 14. श्रीमती दीपा | अभिभावक (सदस्य) कक्षा - 6 (पाल्या) | [signature] |
| 15. श्री रमेश सिंह | अभिभावक (सदस्य) पाल्या - कक्षा 11 | [signature] |
| 16. श्रीमती दीक्षा बानी | अभिभावक (सदस्य) पाल्या - (कक्षा यू.के.जी.) | [signature] |
| 17. श्रीमती पूनम जोशी | प्रवक्ता - वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी (नैनीताल) | [signature] 16/3/2026 |
| 18. श्रीमती हेमा जोशी | प्रवक्ता - वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी (नैनीताल) | Hemajoshi |
| 19. श्री गौरव बहुगुणा | प्रवक्ता - वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी | GBahuguna |

| नाम | पद | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- |
| २०. श्री रमेश सिंह | लेखपाल - वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी (नैनीताल) | [signature] |
| २१. श्रीमती निहारिका जोशी | कार्यालय समन्वयक (वुडलैण्ड्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी (नैनीताल) | [signature] |

माननीय,
जिला अधिकारी नैनीताल के पत्र संख्या 303/15-20 जे० ए०/2025-26 दिनांक 22 जनवरी 2026 के अनुपालन किया जा रहा है।

[signature]
16/03/2026
(C. P. Bhatt)
Principal
PM SHRI GIC Narayan Nagar
Kusumkhera, Haldwani

[signature]
16.03.26

महोदय,

आपको सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि
**जिला अधिकारी नैनीताल के पत्र संख्या 303 /15 ए ० जे ० ए ० /2025 - 26 दिनांक 22 जनवरी 2026 के एवं**
**मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल के पत्र संख्या आंग्ल/01(05)10/137507/7491-95/निजी विद्यालय/2025-26 दिनांक 3 जनवरी 2026**
के अनुपालन में निम्नवत बिंदुवार आख्या आपके सम्मुख प्रस्तुत कर रही हूँ:

1. हम किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं ले रहे हैं।
2. अन्य शीर्षों के मद में ली जाने वाली राशि समुचित सरकार के विनियमों के अनुसार ही प्रभारित की गई है।
3. शुल्क को राज्य क्षेत्र के शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित शीर्ष में ही प्रभारित किया गया है।
4. शुल्क परिशोधन राज्य सरकार के कानूनों, विनियम तथा निर्देशों के अनुसार ही किया गया है।
5. शुल्क परिशोधन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं विद्यालय प्रबंध समिति के संज्ञान अथवा मंजूरी के अंतर्गत ही है।
6. विद्यालय की समस्त व्यापक सूचना विद्यालय की वेबसाइट https://www.woodlandsschoolhaldwani.co.in/ पर उपस्थित है। आम जनमानस सभी सूचनाएं वहाँ से प्राप्त कर सकते हैं।
7. वेबसाइट में ही विद्यालय की समस्त सूचनाएं जैसे पता, दूरभाष नं०, संबंधन की स्थिति, संख्या, अवसंरचना , शैक्षणिक कैलेंडर, शिक्षकों के ब्यौरे, खेल उपलब्धियों, समग्र परिणाम, PTA क्रियाकलाप आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है।
8. विद्यालय में काउंसलर की भूमिका में श्रीमती भावना धौनी जी की उपलब्धता है जो कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखती हैं।
9. सभी प्रमुख विषयों के अंतर्गत एनसीईआरटी (NCERT) की किताबें ही लगाई गई हैं।
10. विद्यालय प्रशासन द्वारा किसी भी दुकान से गणवेश (Uniform) खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव नहीं दिया गया है, गणवेश खरीदने के लिए अभिभावक पूरी तरह स्वतंत्र हैं।
11. NEP बैग पॉलिसी के तहत बच्चों के स्कूल बैग के वजन को कम करने हेतु विद्यालय में अलग-अलग दिवसों में बाँटा गया है।
12. विद्यालय वाहन की पूर्ण व्यवस्था है जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट एवं महिला कंडक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
13. RTE अधिनियमों के पूर्णतः पालन किया जाता है। हमारे विद्यालय की शुल्क विवरण पत्रिका इस अधिनियम के तहत शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित की गयी है ।

Principal,
Woodlands Sr. Sec. School
HALDWANI (Nainital)

16/03/2026
(C. P. Bhatt)
Principal
PM SHRI GIC N...
Kusumkhera, Haldwani
अभिभावक शिक्षक संघ

कोषाध्यक्ष

# बैठक की संस्तुति

दिनांक 16.03.2026

अभिभावक शिक्षक संघ की साधारण सभा की बैठक दिनांक 16.03.2026 को विद्यालय परिसर में आहूत की गई। संरक्षक महोदय श्री सी०पी० भट्ट जी के सम्मुख निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी।

1. सभी मानद सदस्यों का परिचय ।
2. कोषाध्यक्ष द्वारा आगामी सत्र की शुल्क वृद्धि की प्रस्तावना का पठन ।
3. सभी उपस्थित अभिभावकों द्वारा आगामी सत्र की शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया ।
4. शुल्क वृद्धि प्रपत्र पर अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष महोदया, एवं उपसचिव महोदय द्वारा हस्ताक्षर ।
5. विविध क्रिया कलापों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।
6. अभिभावकों द्वारा आगामी सत्र हेतु कई प्रस्ताव दिए गए ।
7. संघ द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई ।
8. गणवेश में कोई परिवर्तन ना किए जाने के प्रस्ताव पर अभिभावकों द्वारा प्रशंसा की गई ।
9. अंत में सभा का सत्रावसान किया गया ।

हस्ताक्षर
मानद सचिव
प्रधानाचार्या वुडलैण्ड्स सीनियर
सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी, नैनीताल

16.03.26.

16/03/2026
(C.P. Bhatt)
Principal
PM SHRI GIC Narayan Nagar
Kusumkhera, Haldwani